CBSE Class–3 Hindi
NCERT Solutions
रिमझिम पाठ- 3. चाँद वाली अम्मा

तुम्हारी कल्पना से

प्रश्न 1. बूढ़ी अम्मा चाँद पर क्यों चढ़ गई होगी?

उत्तर - बूढ़ी अम्मा ने सोचा होगा कि पता नहीं आसमान उसे कहाँ ले जाएगा| वह समझती थी कि चाँद से वह पृथ्वी पर चली जाएगीं | वह आसमान से पीछा छुड़ाने के लिए चाँद पर चढ़ गई होगी|

प्रश्न 2. चाँद वाली अम्मा झाड़ू क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

उत्तर - चाँद वाली अम्मा झाड़ू इसलिए नहीं छोड़ना चाहती थी क्योंकि उसके पास एक ही झाड़ू था|

प्रश्न- 3. चित्रों को देखकर बताओ कि अम्मा के साथ कौन-कौन रहता था?

उत्तर - अम्मा के साथ बादल, तितली, आसमान, चिड़िया और झाड़ू रहते थे|

प्रश्न 4. आसमान बार - बार आ कर अम्मा की कम र से क्यों टकरा ता था ? तुम्हें क्या लगता है?

उत्तर - आसमान बार बार आकर अम्मा को छेड़ने के लिए उसकी कमर से टकराता था| आसमान को शरारत करने में मजा आता था| पहले के समय में आसमान इतना ऊँचा नहीं होता होगा| हमें लगता है कि आसमान के पास उपर-नीचे जाने की शक्ति थी|

रूठना-मनाना

प्रश्न- जब बूढ़ी अम्मा उड़ी जा रही थी तो उन्हों ने आसमान को हर तरह से मनाने की कोशिश की | बताओ , उन्होंने क्या-क्या कहा होगा?

उत्तर -

अरे बेटा ! यह क्या कर रहे हो ?

घबराकर

बेटा! मैं नीचे गिरकर मर जाऊँगी मुझे छोड़ दो|

गिरगिराकर

तू छोड़ता है या नहीं

गुस्से से

> **बेटा! मुझ बुढ़ियाँ को ले जाकर क्या करोगे|**
> **मुझे छोड़ दो| अब मैं तुम्हें नहीं मारूगी|**

तरकीब सूझने पर

घूरना

प्रश्न- अम्मा उसे घूरकर देखती तो आसमान थोडा हट जाता|

कब-कब ऐसा होता है जब तुम्हे कोई घूरकर देखता है|

जैसे: मेरा दोस्त मुझे घूरकर देखता है जब मैं उसका मज़ाक उड़ाता हूँ|

उत्तर- मेरे पिता – मुझे घूरकर देखते हैं जब मैं शरारत करता हूँ|

मेरे शिक्षक - मुझे घूर कर देखते हैं जब मैं पढाई नहीं करता हूँ|

मेरी बहन/मेरा भाई - मेरी बहन घूर कर देखती है जब मैं बड़ों से झगड़ा करता हूँ|

दम लगा कर हईशा

प्रश्न- रस्साकशी के खेल में दो टोलियों के बीच में खूब खींचातानी होती है| कुछ और खेलों के नाम लिखो जिनमें दो टोलियाँ खेलती हों|

उत्तर- खो-खो कबड्डी शतरंज क्रिकेट

साफ़-सफ़ाई

प्रश्न 1. घर की सफ़ाई करने के लिए किन-किन चीज़ों का इस्तेमाल होता है?

उत्तर- झाडू पोंछा पानी फिनाइल ब्रश

प्रश्न 2. किन-किन मौकों पर तुम्हारे घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफ़ाई होती है?

उत्तर- नवरात्र, दीपावली, विवाह, जन्मदिन और मेहमानों के आने पर घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफाई होती हैं|

प्रश्न 3. ये मौके ख़ास क्यों होते हैं?

उत्तर- दीपावली सबसे बड़ा त्योहार है जो साल में एक बार आता है|

मेरा जन्मदिन भी वर्ष में एक बार आता है| घर में पार्टी का आयोजन किया जाता है|

विवाह तो प्राय: जीवन में एक बार ही होता है, इसलिए घर की साफ-सफाई की जाती है

इन मौकों पर मेहमान भी आते हैं| नवरात्रों पर प्राय: घर में देवी माँ का आगमन होता है| इस उपलक्ष्य में कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है| मेहमानों के सामने घर साफ-सुथरा होना चाहिए|

प्रश्न 4. सफाई के काम से जुड़े हुए शब्द सोचो और लिखो | जैसे - झाड़ना|

उत्तर - धोना पोंछना रगड़ना चमकाना|

काम कौन करता है?

प्रश्न 1. बूढ़ी अम्मा अकेली रहती थी | उन्हें घर का सारा काम अकेले ही करना पड़ता होगा | उन कामों की सूची बनाओ जो उन्हें सुबह से शाम तक करने पड़ते होंगे | यह भी बताओ कि तुम्हारे घर में यह काम कौन - कौन करता है?

उत्तर -

बूढ़ी अम्मा के काम	**मेरे घर में कौन करता है**
पानी भरना सफ़ाई करना कपड़े धोना खाना बनाना	माता-पिता दोनों नौकरानी बड़ी बहन माता जी

प्रश्न 2. तुम कौन-से काम करते हो? अपने कामों के बारे में बताओ|

उत्तर-

घर के काम	**घ से बाहर के काम**
जूते बर्तन उठाकर रखना इधर-उधर पड़ी वस्तुओं को उनके निश्चित स्थान पर रखना जूतों पर पॉलिश करना मेहमानों को पानी पकड़ाना	दूध लाना ट्यूशन जाना दुकान से सामान लाना सब्जी वाले को बुलाना पढ़ने जाना

कितने नाम, कितने काम?

प्रश्न- इस कहानी में नाम वाले और काम वाले कई शब्द आए हैं| उन्हें छाँटकर नीचे तालिका में लिखो|

उत्तर-

नाम वाले शब्द	**काम वाले शब्द**
आसमान चाँद पानी झाडू	झाडू लगाना खाना बनाना पानी लाना उठाना

तुम्हारी शरारत

प्रश्न 1. अपनी किसी शरारत के बारे में लिखो|

अरे, आसमान की शरारत तो कुछ ही नहीं! मैंने तो एक बार............

उत्तर- एक बार मैं मम्मी-पापा के साथ लाल किला देखने गई| मम्मी-पापा ने कहा- तुम यहाँ से बाहर मत जाना| मैंने सोचा बाहर

पता नहीं क्या होगा जो यह मुझे मना कर रहे हैं पर मैं कहाँ मानने वाली थी| मैं बाहर जाकर दुकानें व उनमें रखे खिलौने देखने लगी और खिलौने इत्यादि देखते-देखते मैं रास्ता भूल गई| मैं एक कोने पर छुपकर खड़ी हो गई| मम्मी-पापा मुझे ढूँढते हुए मेरे सामने से आगे निकल गए| मुझे शरारत सूझी| मैं उनके पीछे चल दी| जब वे परेशान हो गए तो मैंने उन्हें एकदम से आवाज लगाई| मम्मी ने मुझे डाँटा और उठाकर गले से लगा लिया|

प्रश्न 2. तुम्हे चाँद में क्या दिखाई देता है? बनाओ|